विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 18 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 151, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# कोई सरकार आए, अब कानून नहीं बदलेगा : प्रदेश में बनेगा मीसाबंदी कानून

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जल्द ही मीसा बंदी कानून लागू होगा। खास बात ये है कि यह कानून बनाने के लिए राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक भी तैयार किया है। इस विधेयक को पहले ही कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। अब विधानसभा में पेश करके अधिनियम को मंजूरी दिलाई जाएगी। यह कानून बन जाने के बाद राज्य के मीसा बंदियों को मिलने वाली सारी सुविधाएं समायोजित की जाएंगी, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण ये है कि एक बार ये कानून बन जाने के बाद सरकार बदलने पर भी इसे बदला नहीं जा सकेगा। 25 जून 1975 की आधी रात देशभर में एक अध्यादेश के बाद आपातकाल लगा दिया गया था। इस दौरान संविधान के अनुसार दिए गए नागरिक अधिकारों को निलंबित किया गया था। बंदी प्रत्यक्षीकरण कानून समाप्त कर दिया गया, जिसके बाद गिरफ्तार व्यक्ति को अदालत में 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करने का नियम शिथिल हो गया। कांग्रेस शासित राज्यों के मीसा कानून में एक लाख सत्ता विरोधी जेल में डाल दिए गए। राज्य में भी उन दिनों कांग्रेस की सरकार थी। मीसा का पूरा विवरण बताया गया कि मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट। इसमें की गई गिरफ्तारी को अदालत में चैलेंज भी नहीं किया जा सकता था। इस दौरान मीसा कानून के तहत बंदियों को मीसाबंदी कहा जाता




है। जानकार सूत्रों की मानें तो छत्तीसगढ़ में बनने वाला मीसाबंदी कानून, जिसे लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक के रूप में लाया जा रहा है, यह एमपी में बनाए गए कानून की तरह होगा। एमपी में वहां के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2008 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम से सम्मान निधि नियम बनाया था। इसी के तहत मीसाबंदियों को सम्मान निधि प्रदान की जाती है। वर्ष 2016 को शिवराज सरकार ने नियमों में संशोधन कर मीसाबंदियों को लोकतंत्र सेनानी का दर्जा दिया।

**अब कोई नहीं बदल सकेगा फैसला**

मीसाबंदी कानून बन जाने के बाद राज्य में किसी की भी सरकार आए, इस कानून को नहीं बदला जा सकेगा। इस संबंध में लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने का कहना है कि हमने नया अधिनियम बनाने के लिए सरकार को एमपी के कानून का प्रारुप दिया है। काफी लंबे समय से इस कानून के बनने का इंतजार किया जा रहा था, लेकिन मामला लंबित था। अब सरकार इस दिशा में जो कदम उठा रही है, वह स्वागतेय है।

**कांग्रेस सरकार ने रोकी थी सम्मान निधि**

मीसा बंदियों को राज्य में पूर्ववर्ती रमन सरकार के कार्यकाल के दौरान सम्मान निधि दिए जाने का प्रावधान था, लेकिन 2018 में आई राज्य की कांग्रेस सरकार ने आते ही इस निधि को समाप्त करने का फैसला किया था। इसके बाद जब यह मामला हाईकोर्ट में गया तो वहां सरकार का फैसला पटल गया था। इसके बाद फिर सम्मान निधि बहाल हुई। उधर मप्र की बात करें तो वहां पहले ही शिवराज सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने मीसा बंदी कानून बना दिया था। लेकिन 2018 के चुनाव के बाद जब कांग्रेस की कमलनाथ सरकार आई तो उसने भी इस पर रोक लगा थी, लेकिन जब मामला हाईकोर्ट में गया तो वहां भी सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा था।

## फिर गूंजा जल जीवन मिशन, नेता प्रतिपक्ष बोले- कब तक पिछली सरकार का नाम लेकर बचते रहेंगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में एक बार फिर जल जीवन मिशन का मुद्दा उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष ने सत्तापक्ष को घेरा। इस दौरान उन्होंने कहा- अगर पिछली सरकार में कुछ गलत हो तो भी जांच कराइए। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में एक बार फिर जल जीवन मिशन का मुद्दा गूंजा। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत की मांग पर सदन में चर्चा हुई। इस दौरान पिछली सरकार के कामों को लेकर



बहस हो गई। महंत ने मुद्दा उठाते हुए जल जीवन मिशन में केंद्रांश और राज्यांश को लेकर सवाल पूछा। साथ ही 2025 तक केंद्रांश के रूप में प्राप्त राशि को लेकर जानकारी मांगी। डिप्टी सीएम अरुण साव ने जानकारी देते हुए कहा- 2024-25 फरवरी 2024 तक 191.59 करोड़ केंद्रांश प्राप्त हुए हैं। राज्यांश राशि के रूप में 187.12 करोड़ की स्वीकृति दी गई। वहीं इस बीच डॉ. चरणदास महंत ने कहा- केंद्रांश और राज्यांश बराबर होना चाहिए 2250 करोड़ रुपए की राशि आना था, डबल इंजन सरकार ने नहीं दिया है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा- भारत सरकार ने 2028 तक जल जीवन मिशन की अवधि बढ़ाई है। जल जीवन मिशन का काम 50-60 प्रतिशत पूरा हुआ है, इसी अनुसार राशि आई है 29 हजार 126 स्वीकृत योजनाओं की संख्या है, 41 हजार से अधिक टैंक बनाए गए हैं। 5 हजार 908 टंकियों का निर्माण हो गया पर पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। चरणदास महंत ने पूछा क्या काम होने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है।

# मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में चैत्र नवरात्र की तैयारियां प्रारंभ

### प्रज्वलित किए जाएंगे ज्योति कलश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मानव सेवा व जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा अपने आशीर्वादक राष्ट्रीय संत श्री श्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से 06 अप्रैल 2025 तक मनाई जाएगी। जिसमें हवन, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही ज्योत प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित है।संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा च्यन्नूज् ने बताया कि सारे देश में मनाए जाने वाले मां भगवती के साधना व भक्ति का महापर्व व हिन्दू नववर्ष प्रारंभ के अवसर पर चैत्र नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 30 मार्च रविवार से 06 अप्रैल रविवार तक मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता व अन्य देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा पाठ के अलावा आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित है। चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा एकम



30 मार्च रविवार को अविभाज्य मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.24 के मध्य गौरी गणेश नवग्रह स्थापना, गुरु पूजन के पश्चात माई ज्योत व गुरु ज्योत प्रज्वलन के साथ ही माता व भोलेनाथ की आरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात मनोकामना ज्योति कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की ज्योति कलश प्रज्वलित की जाएगी। 02 अप्रैल बुधवार को नवरात्रि की पंचमी के अवसर पर मां पाताल भैरवी सहित मां राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, भगवान पातालेश्वर महादेव सहित द्वादश ज्योतिलिंगों, हनुमान जी, गणेश जी व भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। माता के दरबार में श्री यंत्र पर आधारित यज्ञ शाला में महाअष्टमी हवन 5 अप्रैल शनिवार को संध्या 6 बजे से संस्था के सदस्यों एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा। 06 अप्रैल रविवार को पड़ने वाली रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री राम व माता की विशेष महाआरती के पश्चात माता की ज्योत ज्वांरा का विसर्जन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा च्यन्नूज्, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, श्रीगुरुचरण सिंह छाबड़ा, महेन्द्र लुनिया, दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, कुलबीर छाबड़ा, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित अन्य सदस्यगणों ने आम श्रद्धालुओं से अपेक्षा की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में माता का दर्शन लाभ कर आशीर्वाद प्राप्त करें। इसके अलावा संस्था ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, डुव नगर निगम से भी सहयोग की अपेक्षा की गई है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से टेड़ेसरा पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच खिलेश्वर साहू ने की मुलाकात, गुलदस्ता भेंटकर लिया आशीर्वाद



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के सबसे बड़े ग्राम पंचायत टेड़ेसरा के नवनिर्वाचित सरपंच खिलेश्वर साहू ने आज छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया, डॉ.रमन सिंह ने खिलेश्वर साहू को सरपंच नवनिर्वाचित होने पर बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। इस अवसर पर साथ में भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, सुकुलदैहान मंडल अध्यक्ष मनोज साहू,तिलई मंडल अध्यक्ष परदेसी राम सोनबोईर उपस्थित रहे।

## मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी पुरी शंकराचार्यजी के आगामी प्रवास की जानकारी

अरविन्द तिवारी

**गया (नांदगांव टाइम्स)।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज परम्परागत रुप से होली के पावन अवसर पर अपना श्री धाम वृंदावन प्रवास पूर्ण कर अगले चरण के लिये बिहार प्रस्थान कर चुके हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी



देते हुये श्री सुदर्शन संस्थानम, पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने बताया कि महाराजश्री वृंदावन प्रवास के पश्चात आगामी राष्ट्रोत्कर्ष अभियान अंतर्गत महाराजश्री आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन से सियालदेह एक्सप्रेस द्वारा आज अठारह मार्च मंगलवार को सुबह लगभग आठ बजे गया जंक्शन पहुंचेंगे। रेलवे स्टेशन पर भव्य आत्मीय स्वागत पश्चात वे सड़क मार्ग से सीधे निवास स्थल शशांक अवस्थी के यहां अवस्थी मंदिर , देल्हा , बैंक आफ बड़ोदा के समीप पहुंचेंगे। यहां पहुंचने पर महाराजश्री का पुष्प वर्षा से स्वागत एवं आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अर्चन , वंदन आरती किया जायेगा। निवास स्थान पर मध्यान्ह बारह बजे से उपस्थित भक्तों के लिये दर्शन , दीक्षा आयोजित है वहीं सायंकालीन सत्र में पुनः साढ़े पांच बजे से दर्शन , हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी का आयोजन होगा जिसमें भक्तजन अपनी धर्म , अध्यात्म तथा राष्ट्र से संबंधित जिज्ञासाओं का शंकराचार्यजी के श्रीमुख से आध्यात्मिक तथा व्यावहारिक समाधान प्राप्त कर सकेंगे। यहां आयोजित कार्यक्रमों की समाप्ति के पश्चात महाराजश्री उन्नीस मार्च बुधवार को पूर्वान्ह ग्यारह बजे निवास स्थान से गया रेलवे स्टेशन प्रस्थान कर दोपहर लगभग एक बजे पुरुषोत्तम एक्सप्रेस द्वारा अपने राष्ट्र रक्षा अभियान के अगले चरण में कटक (ओड़ीसा) प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम के व्यवस्थापक शशांक अवस्थी सहित धर्मसंघ - पीठ परिषद , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी संगठन ने सभी भक्तों एवं श्रद्धालुओं से उक्त अवसर पर पहुंचकर महाराजश्री का दर्शन , श्रवण करने की अपील की है। बताते चलें पुरी शंकराचार्यजी अपनी आध्यात्मिक संदेश में उद्धृत करते हैं कि नीति , शक्ति , सद्भाव और सामञ्जस्य के बल पर भारत को अखण्ड करना है। अपने मान बिन्दुओं की रक्षा के लिये ओजस्वी बनना है। केसरिया त्रिकोण वस्त्र पर स्वस्तिक चिन्ह युक्त हमारा ध्वज है। दिशाहीन शासन तन्त्र को विश्व मंच से बिठाकर धर्मनियन्त्रित पक्षपातविहीन , शोषणविनिर्मुक्त शासनतन्त्र की स्थापना हमारा लक्ष्य है। श्रीहरि गुरु का हमारे शिर पर वरद हस्त है , हमारी विजय सुनिश्चित है। ओजस्वी और विजयी बनने के लिये भगवान सूर्य और गुरुदेव की प्रार्थना हमारा कर्तव्य है। ईश्वर के नाम पर उद्यमहीन ना बनना , उद्यम के नाम पर अहंकारी ना बनना हमारा व्रत है। ईश्वर से प्राप्त शक्ति का सदुपयोग करना और ईश्वर की कृपा का ध्यान रखना हमारा धर्म है। आलस्य , प्रमोद , लोभ , भय , भावुकता और अविवेक के वश में होकर लक्ष्यहीन ना होना हमारा शील है। अपने विश्व हितकारी प्रशस्त मानबिन्दुओं के प्रति दार्शनिकता , वैज्ञानिकता और शील के बल पर मानव मात्र को आस्थान्वित करना हमारा अभियान है। प्रार्थना , संघशक्ति , उद्योगशीलता , सेवा और स्वस्थ मार्गदर्शन के बल पर लक्ष्य सिद्धि हमारी है।श,

# खैरागढ़ कालेज में होली उत्सव 2025 मनाया गया

**छुईखदान( नांदगांव टाइम्स )।** रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में




होली उत्सव पर्व प्राचार्य डॉ गुप्ता सर एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ जीतेन्द्र साखरे के मार्गदर्शन में मनाया गया। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व छात्रसंघ प्रभारी लाल जे के वैष्णव को होली माला पहनाकर स्वागत किया गया । सभी प्रोफेसर एवं छात्र एवं छात्राओं ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर बहुत अनुशासित रुप में प्रसन्नता से होली उत्सव 2025 धूमधाम से मनाया गया । गीत संगीत में नृत्य करते होली गीत गाते माध्यम से होली उत्सव पर्व पर पूर्व छात्रसंघ प्रभारी लाल जे के वैष्णव ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए पिछले 34 सालों से होली उत्सव धूमधाम से खेलने की जानकारी दी। विश्वविद्यालयीन परीक्षा प्रारंभ होने के कारण समय सीमा में होली उत्सव पर उपस्थित छात्र छात्राओं को प्रभारी प्राचार्य डॉ जे के साखरे ने परीक्षा तैयारी करने शुभकामनाएं दी।

# रमजान के सोलहवीं अफ्तरी का जशन!

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** साल 2025 का माहे रमजानुल मुबारक का पंद्रह रोज़ा अमनो चैन के साथ गुजर जाने की खुशी में आज हर्षो उल्हास के साथ सोलहवीं रमजान की अफ्तारी का जशन मनाया गया और सत्रहवीं तराबी के साथ कुरान शरीफ की अठठारह पारा हाफिज़ वा कारी जनाब मुहम्मद वारिस जमाल अमरछी जिला पन्ना एम पी ने निहायत ही दिलचस्प अंदाज में सुनाकर मुकम्मल किया इंतेजामिया कमेटी के मेंबर महमुदूल हसन (खान सर) के जानिब से इफ्तार का इंतजाम जमा मस्जिद डोंगरगांव के सहन ग्राउंड में किया गया जहां बड़ी संख्या में रोजेदारों ने



इफ्तार किया राजनांदगांव जिला में डोंगरगांव जमात वा जमा मस्जिद अम्नो इत्तेहाद के नाम से मशहूर है यहां पहले रमजान से तीस रमजान तक इंतेजामियां इफ्तार के जानिब से खाने और इफ्तार का इंतजाम किया जाता है और आस पास से आने वाले सभी रोजेदार इसका लुत्फ उठाते है। प्रोग्राम के बाद इंतेजामियाँ कमेटी के सदर रफीक खत्री सेकेट्री डॉ बशीर अहमद खान खजांची समीम अंसारी, महमुदूल हसन,नजीर तंवर, रियाजुद्दीन सोलंकी,युनुस सिद्दीकी,आरिफ सोलंकी, इरफान बडगुजर,इकबाल तंवर, पीर मोहम्मद,समसुद्दी,सद्दाम खत्री, असफाक तंवर, वा कार्यकर्ताओं ने हाफिज़ो कारी वारिस जमाल,नायब इमाम सफात रसूल को तहेदिल से मुबारक बाद पेश किया मिडिया प्रभारी फिरोज हसन रिजवी।

# राजनांदगांव में चैत्र नवरात्रि पर श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन, तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न



**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के गायत्री शक्तिपीठ में श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रामाधीन मार्ग स्थित माहेश्वरी भवन में रविवार को अपराह्न 4 बजे धर्मानुरागियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि माहेश्वरी समाज द्वारा 29 मार्च से 7 अप्रैल तक श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में शास्त्री ईश्वर चंद व्यास जी (जूनागढ़) कथा वाचन करेंगे। नवरात्रि के नौ दिनों तक भक्तों को उनके श्रीमुख से श्रीमद देवी भागवत की अमृतमयी कथा सुनने का अवसर मिलेगा। इस



अवसर पर बैठक में माहेश्वरी समाज के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ कई समाजसेवी भी शामिल हुए। इनमें नीलू शर्मा, पवन डागा, राजेश डागा, अशोक पांडे, श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती अमिता मूंदड़ा, सूरज बुद्धदेव, मनीष साहिता, गुरुमुख सिंह वाधवा, पार्षद संजू बघेल, अमित कुशवाहा, सहित अनेक धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। बैठक में श्रीमद देवी भागवत कथा आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई और इसे सफल बनाने के लिए मुक्तहस्त से सहयोग देने का संकल्प लिया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस आयोजन में सर्व समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस दिव्य कथा का लाभ उठा सकें। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर चैत्र नवरात्रि में आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करें और देवी भक्ति में लीन हों।

# किसान पंजीयन और डिजिटल फसल सर्वे रबी 2025 के कार्यों को करें शीघ्र पूर्ण - कलेक्टर

## तहसीलदार को ग्रामवार प्रतिदिन किसान पंजीयन और डिजिटल फसल सर्वे के कार्यो को अद्यतन करने के दिए निर्देश, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संगोष्ठी आयोजित करने के दिए निर्देश

### कलेक्टर ने राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की ली बैठक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने एग्री स्टेक योजना के अंतर्गत किसान पंजीयन और डिजिटल फसल सर्वे रबी 2025 के कार्यों की समीक्षा करते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। किसान पंजीयन और डिजिटल फसल सर्वे रबी 2025 के कार्यों को अभियान चलाकर युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एग्री स्टेक योजना से किसानों के लिए एक संपूर्ण डेटाबेस बनाना है, जिसमें उनकी पहचान, भूमि रिकार्ड, आय, ऋण, फसल की जानकारी और बीमा के बारे में जानकारी शामिल है। जिले में 200 लोक सेवा केन्द्र एवं सामान्य सेवा केन्द्र के माध्यम से किसान पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी पटवारियों को किसानों के पंजीयन एवं डिजिटल फसल सर्वे रबी के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में शत प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके लिए तहसीलदार को ग्रामवार प्रतिदिन अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाता विभाजन के कार्यों में तेजी लाने कहा। राजस्व अभिलेखों में शुद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।




कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीणों से अच्छा संपर्क स्थापित करें और व्हाट्सअप ग्रुप भी बनाए। जिससे ग्रामीणों की समस्याओं और जरूरतों को समय रहते निराकरण किया जा सके। शासकीय की योजनाओं से ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा। उन्होंने हिट एण्ड रन के प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटना के कारण जनहानि होने पर जांच कर प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे परिजनों को आर्थिक सहायता राशि समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले में 42 हजार ट्यूबवेल के माध्यम से अंधाधुंध पानी निकलने से भूमिगत जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जल संगोष्ठी आयोजित कर ग्रामीणों को जागरूक करने कहा। किसानों को धान की जगह कम पानी उपयोग वाली फसलों के उत्पादन करने के लिए प्रेरित करने कहा। जिससे पानी की खपत कम होगी। उन्होंने बताया कि एक परिवार को वर्ष भर पीने का पानी और अन्य दैनिक जरूरतों के लिए जितना पानी का उपयोग होता है उसका 100 गुना एक एकड़ में धान की फसल लेने के लिए किसान पानी खपत करता है। जिसके कारण भूमिगत जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। उन्होंने कहा कि भूमिगत जल को सिर्फ पेयजल के लिए उपयोग किया जाना चाहिए। ग्रामीणों को गांव का पानी गांव में रोकने के संबंध में ग्रामीणों से मिलकर कार्ययोजना बनाने कहा, जिससे भूमिगत जल स्तर बना रहेगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि जल संरक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पर्कोलेशन टैंक में इंजेक्शन वेल और बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर का निर्माण किया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर श्री अमीय श्रीवास्तव, तहसीलदार श्री मनीष वर्मा सहित राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित थे।

# दिव्यांगता को मात देकर आगे बढ़ने वाली स्वावलंबी शशि बंजारे...सिलाई से आत्मनिर्भरता की राह



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अपनी कमियों पर चिंता करने की बजाय उन्होंने केवल अपने काम मे फोकस किया।छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की रहने वाली शशि बंजारे ने अपनी दिव्यांगता को कभी भी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। उन्होंने अपने हालातों को स्वीकारते हुए, सकारात्मक सोच के साथ जीवन को आगे बढ़ाने का फैसला किया। उनका मानना है कि जो नहीं है, उसके बारे में सोचने से अच्छा है कि जो है, उसे लेकर आगे बढ़ा जाए। आज वह सिलाई का काम करके औरों को भी स्वावलंबन का पाठ पढ़ा रही हैं। शशि ने मीडिया को बताया कि जब तक उनके पिता स्वर्गीय भागीरथी बंजारे थे, उनका बचपन खुशहाली से बीता। लेकिन उनके जाने के बाद सब कुछ बदल गया। उनकी मां श्रीमती पंच बाई बंजारे ने मजदूरी करके न सिर्फ पालन-पोषण किया, बल्कि उनकी शिक्षा पर भी ध्यान दिया। वह आगे कहती है कि, मैं 12वीं तक की पढ़ाई पूरी कर पाई। मेरे सपने बड़े थे और मैं बैंकिंग सेक्टर में जाना चाहती थी, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। हमारी सोच और नियति की सोच में बहुत अंतर है। मैं बस इसे ईश्वर का आशीर्वाद मानकर आगे बढ़ती रही। जब परिस्थितियों ने आगे बढ़ने में बाधा डाली, तो शशि ने हार मानने की बजाय सिलाई प्रशिक्षण लेने का निश्चय किया। इस राह में उनकी सुचित्रा मैडम ने बहुत सहयोग किया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने इस कौशल को पूरी मेहनत और लगन से सीखा और आज सिलाई के माध्यम से अपने परिवार की आजीविका चला रही हैं। शशि बंजारे की सोच बेहद प्रेरणादायक है। वे कहती हैं, स्वप्रेरित होकर आगे बढ़ती हूं। राह में अड़चनें तो आएंगी ही, लेकिन यही रुकावटें



असल में आगे बढ़ने का प्रमाण हैं। वे दिव्यांगजन सशक्तीकरण की योजनाओं और सरकारी सुविधाओं की हकीकत से भी अवगत हैं। कागजों में बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, लेकिन असल जीवन में दिव्यांगों को उपहास और संघर्ष का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद, वे किसी से शिकायत नहीं करतीं, बल्कि अपने अस्तित्व का आनंद लेती हैं।

अब शशि की ख्वाहिश है कि वे अपनी सिलाई की दुकान खोलें और इसके लिए आवश्यक सामान जुटा सकें। वे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही हैं और पूरी कोशिश कर रही हैं कि अपने इस सपने को साकार करें। विपरीत परिस्थितियों में व्यक्ति की प्रतिभा का वास्तविक मूल्यांकन होता है। कठिनाइयों से भागने के बजाय, उनका सामना करके ही जीवन में सफलता पाई जा सकती है। आत्मनिर्भरता और सकारात्मक सोच के साथ, शशि आगे बढ़ रही हैं और समाज के लिए एक मिसाल बन गई हैं। उनकी जीवन न केवल दिव्यांगजन बल्कि हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है जो अपने हालातों से लड़कर कुछ बड़ा करने की चाह रखता है।

# शासकीय माध्यमिक शाला बुटाकसा में विदाई एवं सम्मान समारोह संपन्न

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बुटाकसा के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा 12.मार्च को कक्षा आठवीं के बच्चों का विदाई समारोह एवं पंचायत पदाधिकारी को शाला से जोड़ने हेतु नव निर्वाचित पंच सरपंचों के सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया द्य इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा बच्चों एवं समस्त उपस्थित जनों को नेवता भोज भी कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात उपस्थित समस्त पदाधिकारी का स्वागत करते हुए नवनिर्वाचित सरपंच हमेश्वरी बाई मंडावी उपसरपंच संतराम कोरेटी एवं समस्त 12 वार्ड के पंचो का सम्मान शिक्षकों तथा बच्चों द्वारा मोमेंटो एवं गुलदस्ता भेंट कर किया गया तत्पश्चात कक्षा छठवीं एवं सातवीं के बच्चों तथा उपस्थित पदाधिकारी द्वारा कक्षा आठवीं के बच्चों को गिफ्ट स्मृति चिन्ह भेंट किया गया साथ ही बच्चों के अभिव्यक्ति कौशल विकास एवं बौद्धिक विकास हेतु विभिन्न



मनोरंजक खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए शाला विकास में अपना योगदान हेतु प्रतिबद्धता जाहिर किया तथा नियमित अध्ययन अध्यापन की सलाह भी दिये साथ ही संस्था के प्राचार्य जे.के.साव प्रधान पाठक आर बोरकर आई.एस.गजेंद्र लेखराम ठाकुर खुमान दास साहू ने भी बच्चों को संबोधित किया गया, शिक्षकों द्वारा बच्चों को हमेशा सही राह में चलने हेतु प्रेरित किया गया तथा इस सोशल मीडिया के दौर में अधूरे ज्ञान एवं गलत संगति से बचने का गुण रहस्य बताया गया। कार्यक्रम में हाई स्कूल से रश्मि ठाकुर ,गुणेश साहू गंगासागर शाला प्रबंधन समिति सदस्य, महिला समूह सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन का मार्गदर्शन प्राचार्य जे.के.साव द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन खुमान दास साहू द्वारा किया गया।

## ओपन स्कूल प्रवेश पत्र का वितरण 23 मार्च से

**छुई खदान (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा मार्च अप्रैल 2025 10वीं एवं 12वीं की मुख्य परीक्षा का प्रवेश पत्र वितरण दिनांक 23 मार्च 2025 से किया जाएगा कक्षा 12वीं की परीक्षा 26 मार्च से एवं दसवीं की परीक्षा 27 मार्च से प्रारंभ है अत: विद्यार्थी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुई खदान में उपस्थित होकर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

धीरी एनीकट पहुंचे जनप्रतिनिधि

## डॉ रमन सिंह के निर्देश पर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल धीरी पहुंचा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डॉ रमन सिंह जी का ड्रीम प्रोजेक्ट धीरी एनिकट, जिसमें लगभग 22 गांव को पीने का पानी मिलने का मुख्य श्रोत है डॉक्टर साहब के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत ,जनप्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर ,जिला पंचायत सदस्य देव कुमारी साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर ,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज साहू ,खिलेश्वर साहू ,रमेश चंद्राकर सरपंच देवल साहू ,किशोर साहू सुरेंद्र साहू के साथ विभागीय संबंधी अधिकारी से सीधे संपर्क कर आने वाले समय में होने वाली जल समस्या से निपटाने के लिए अधिकारियों से चर्चा किया और आवश्यक दिशा निर्देश जिला अध्यक्ष द्वारा दिया गया।

## राज्य व्यवसायिक परीक्षा 1 से 8 अप्रैल तक

19 मार्च तक फार्म जमा करने के निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य व्यावसायिक पूरक परीक्षा माह अप्रैल 2025 (एससीव्हीटी) हायर सेकेण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजना अंतर्गत राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) 1 से 8 अप्रैल 2025 तक आयोजित की जाएगी। हायर सेकेण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजनांतर्गत ऐसे प्रशिक्षणार्थी जिन्हें पूरक की पात्रता है व जिनके प्रयास शेष है। उन्हें 19 मार्च 2025 तक निर्धारित परीक्षा शुल्क तथा दो नवीन पासपोर्ट साईज फोटो सहित संस्था में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से परीक्षा फार्म जमा करने कहा गया है।

## छत्तीसगढ़ में बढ़ने लगी गर्मी : कई इलाकों में लू का असर

**रायपुर।** प्रदेश में गर्मी ने अभी से अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं. रविवार को कई इलाकों में लू का असर देखने को मिला. राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक रहा. वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया. रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा. मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर ग्रीष्म लहर चली. अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन अगले 2 दिनों में 2-3 डिग्री की गिरावट की संभावना है. वहीं मध्य और दक्षिणी छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिनों तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा, इसके बाद 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, आज भी प्रदेश में अधिकतम तापमान 38-39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है.

**शुभांक**

1-5-7

558-8 778-2

**भाग्यांक**

156-2 116-8

# गांव-गांव में पानी की समस्या हल करने विभा साहू ने शुरू किया संघर्ष

## अर्जुनी क्षेत्र के ग्रामों में व्याप्त जल संकट को लेकर पीएचई के अधिकारियों से की मुलाकात



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 अर्जुनी की सदस्य श्रीमती विभा साहू ने अपने क्षेत्र के गांव-गांव का भ्रमण कर बढ़ती गर्मी को देखते हुए पेयजल संकट का लगातार जायजा ले रही हैं। इस कड़ी में उन्होंने क्षेत्र के कुछ गांवों में पीने के पानी की समस्या ज्यादा गहराने की जानकारी मिलने पर उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) के अधिकारियों से मुलाकात कर क्षेत्र के ग्रामों में व्याप्त पेयजल संकट को लेकर चर्चा की। इसके बाद अधिकारियों ने उन्हें जल्द ही समस्या के निराकरण के लिए आश्वस्त किया।श्रीमती साहू ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता समीर शर्मा और सहायक अभियंता पलक झा ने त्वरित रूप से हल करने का आश्वसन दिया। करमतरा में पानी टंकी के निर्माण के डेढ़ साल बाद भी जलापूर्ति शुरू नहीं होने से ग्रामवासी परेशान हो रहे हैं। सालिकझिटिया, रूदगांव, कविराज टोलागांव में भी तीन साल से पानी टंकी की यही स्थिति है। पुराने समस्याग्रस्त ग्राम सालिक झिटिया में सभी करीब आधा दर्जन पत्थर खदानों की ब्लास्टिंग के चलते जल स्रोत सूख गए हैं, जिससे गांव के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इसी प्रकार घोरदा में भी पत्थर खदानों की वजह से पेयजल संकट व्याप्त हो गया है। ग्राम घोरदा में भी यही स्थिति बरकरार है। ग्राम नादिया में सारे बोर सूख चुके हैं। जंगलपुर में दो ठेकेदारों के बदलने के बाद भी पानी टंकी का निर्माण नहीं हुआ है। गांवों में पानी की समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य विभा साहू ने सोमवार को पीएचई के ईई समीर शर्मा और एसडीओ पलक झा से मुलाकात कर समस्याओं का त्वरित निराकरण करने कहा, ताकि आगामी भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना न पड़े। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य टुम्मन साहू, सरपंच रेखा बघेल, सालिकझिटिया की सरपंच हेमबाई



खिलाड़ी, करमतरा के उपसरपंच नूतन साहू, रामकुमार साहू, डालेश्वर साहू, राजेंद्र बघेल, बुधराम तारम, केशव यादव आदि उपस्थित थे।

# सहायक संचालक अमित शुक्ला और जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने डोंगरगढ़ ब्लॉक के परीक्षा केन्द्रो का किया औचक निरीक्षण





**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** सहायक संचालक छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम रायपुर के अधिकारी श्री अमित शुक्ला, और राजनांदगाव के जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने आज सोमवार 17 मार्च को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण. इस दौरान राजनांदगाव जिला के सहायक संचालक श्री आदित्य खरे और सुरगी हायर सेकेण्डरी विद्यालय के व्याख्याता सुशील नारायण शर्मा भी साथ थे. श्री प्रवास बघेल और श्री अमित शुक्ला ने विभिन्न परीक्षा केंदो का निरिक्षण किये जिसमे चारभांठा, कोठीटोला, बोरतलाव आदि परीक्षा केंदो का निरीक्षण किये, आज से जिला मे 5 वी बोर्ड की परीक्षा भी शुरू हो गयी है. अमित शुक्ला ने कोठटोला के संस्कृत विद्यालय परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया और छात्रों के बैठने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री शुक्ला ने परीक्षा केंद्रों के प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने परीक्षार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और परीक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की कठिनाई के समाधान के निर्देश दिए। श्री शुक्ला ने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री प्रवास बघेल ने बताया कि राजनांदगाव जिले मे संचालित विभिन्न परीक्षा केंदो के निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंदो मे शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न होना पाया.

# शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय एवं लक्ष्य फाउंडेशन बैंगलुर के मध्य एमओयू




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन मे रोजगार के अवसर , स्किल डेवलपमेंट, आंत्रप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए आज शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं लक्ष्य (इन्फोसीस ) फाउंडेशन बैंगलुर के मध्य एम ओ यू हुआ. लक्ष्य (इन्फोसीस ) फाउंडेशन बैंगलुर एक बहुप्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनी है जो स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों कर लिए स्किल डेवलपमेंट कोर्स प्रोग्राम आर्गेनाइज कराती है जिनमे विद्यार्थियों को अलग अलग कोर्स के आधार पर 10 से 15 दिनों तक ट्रेनिंग दिया जाता है, एवं सफलतापूर्वक ट्रेनिंग पूरी कर लेने के बाद सर्टिफिकेट भी दिया जाता है, जिसके आधार पर उनको विभिन्न कंपनियो जैसे की शिवम मार्ट, टेक्नो टास्क, बैंकिंग सेक्टर्स, कॉल सेंटर्स मे छत्तीसगढ़ राज्य के स्टैण्डर्ड सैलरी के अनुरूप मानदेय दिया जाता है. इसमे मुख्यत: इंग्लिश लैंग्वेज, आर्टिफिशल इंटेलिजेंसी, रिज्यूम प्रिपरेशन, ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू प्रिपरेशन आदि जैसे विषय शामिल है, जिसे विद्यार्थियों को दो सौ रूपये सिर्फ एक बार कोर्स के रजिस्ट्रेशन के लिए देना पड़ता है. यह ट्रेनिंग साल मे 3-4 बार हो सकती है, जो की विद्यार्थियों की संख्या पर निर्भर करेंगी. एम ओ यू के समय शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्या डॉ सुचित्रा गुप्ता एवं लक्ष्य (इन्फोसीस ) फाउंडेशन बैंगलुर की ओर से प्रोजेक्ट मैनेजर प्रभुजीत कौर एवं प्लेसमेंट मैनेजर श्री हिमांशु साहू ने एग्रीमेन्ट पर साइन किया. इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ संजय ठिसके, डॉ डाकेश्वर कुमार वर्मा एवं रजिस्ट्रार श्री दीपक परगनिहा उपस्थित थे.

## ज्ञान मंथन

*1) जायद की फसल कौन-कौन सी है?*

*2) अस्पताल के किस विभाग में कैथ लैब होगी?*

*3) पारिस्थितिक तंत्र में तत्वों के चक्रण को क्या कहते है?*

*4) भारत में किसे प्रति व्यक्ति आय की गणना हेतु प्रयुक्त किया जाता है?*

*5) उग्रम क्या है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) खरबूजी, ककड़ी और खीरा (2) कॉर्डियोलॉजी विभाग में (3) जैव भू-रासायनिक चक्र (4) निवल राष्ट्रीय आय (5) एक एसाल्ट राइफल

# हिन्द सेना मे दक्ष वैद्य को युवा ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष की मिली कमान, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**नई दिल्ली ( नांदगांव टाइम्स )।** देशहित के प्रति समर्पित भावना एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए सराहनीय योगदान को देखते हुए हिन्द सेना समाजसेवी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य केंद्रीय मंत्रालय भारत सरकार मंगेश वैद्य ने दक्ष वैद्य को युवा ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है ढ्ढश्री वैद्य ने नवनियुक्त युवा ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्ष वैद्य को देशहित में समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रसर रहने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा ब्रिगेड दक्ष वैद्य ने नियुक्त किये जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगेश वैद्य एवं समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्द सेना सामाजिक क्रांति की मशाल से सम्पूर्ण देश में व्याप्त धर्मांधता,क्षेत्रीयता,जातीयता एवं भ्रष्टाचार की जंजीरो को तोड़कर मानव एकता की मिसाल कायम कर देश के अंतिम युवाओं के उत्थान के लिए कटिबद्ध रहेंगे एवं शीघ्र आगामी माह में देश के समस्त प्रदेशों का दौरा कर देशहित में एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले ऊर्जावान नेतृत्वकर्ताओं को कार्यकारिणी में विशेष प्राथमिकता देंगे । हर्ष व्यक्त करने वालो में पर्यावरण संरक्षण विभाग राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामदयाल मीणा,ओबीसी सेल राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता बोया मैड्डुलेटी,राष्ट्रीय संगठन महामंत्री द्वय चंद्रभान सिंह परिहार,सुभाष चंद्र शर्मा,संजीव मल्होत्रा, युवा ब्रिगेड कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष निरंजन सिंह चौधरी,मानवाधिकार सेल राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह,भ्रष्टाचार निरोधक सेल राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर गोपालकृष्णन,कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र महाराणा,आईटी सेल कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष शर्मा,अल्पसंख्यक सेल राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरदीप सिंह भाटिया,महिला ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष रत्नावली कौशल,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेश वैद्य, राजेश मिश्रा,समरजीत चावला,दीपेश रॉय,दीनानाथ जायसवाल,आनंद टंडन,डॉक्टर सौरभजित हजारिका,अधिवक्ता रमेश भारद्वाज,राष्ट्रीय महामंत्री धीरज सोनकुसरे ,राजेश राठौर खलीफा,सुनील सानाध्य,ठाकुर सिंह साहब,महिला ब्रिगेड राष्ट्रीय महामंत्री अनीता रेड्डी कोडंगल, विधि विभाग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता मनीष राठौर,राष्ट्रीय सचिव इंदरचंद अग्रवाल,सुशांत भदोरिया,दीपक बिस्ठ,संजय तिवारी,अवधेश लांबा,अतुल श्रीवास्तव,प्रदीप गौतम,राष्ट्रीय संगठनमंत्री प्रोफेसर प्रीतम सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी जुगल किशोर,मीडिया विभाग राष्ट्रीय संगठन मंत्री दुलीचंद शर्मा,युवा राष्ट्रीय समन्वयक लक्ष्मी नारायण बालू, राष्ट्रीय प्रतिनिधि एवं हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ गुरनाम सिंह,उतराखंड कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता महेश नारायण,राष्ट्रीय प्रतिनिधि एवं दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष धर्मपाल जांगड़ा,कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बालकृष्ण शुक्ला,दिल्ली महिला ब्रिगेड प्रदेशाध्यक्ष पारुल सिंह ढाका,चंद्र मणि, शशि गुप्ता,मध्यप्रदेश युवा ब्रिगेड कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता धर्म सिंह चौहान,मनोज शर्मा,युवा ब्रिगेड आईटी सेल प्रदेशाध्यक्ष कमलेश जूनी,महिला ब्रिगेड कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता सोनाली श्रीवास्तव,फिज़ा अली खान, विधि विभाग कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता कृपाल सिंह बाथम,धार्मिक न्यास विभाग कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष आचार्य विनोद शुक्ला,भ्रष्टाचार निरोधक सेल कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष डॉ उमेश श्रीवेल छत्तीसगढ़ प्रदेश मुख्य संयोजक तरुण नाथ योगी, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम मीणा,राजस्थान युवा ब्रिगेड प्रदेशाध्यक्ष पवन सिंह नरूका,महाराष्ट्र कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अंसारुल्लाह चौधरी, कला एवं सांस्कृतिक विभाग कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष संजय टिपुगड़े,मानवाधिकार सेल कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष तय्यब सय्यद पटेल,प्रदेशाध्यक्ष युवा ब्रिगेड प्रदेशाध्यक्ष श्रेयास शांडिल्य,तेलंगाना प्रदेशाध्यक्ष टी रामुलू, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र झंझोड,महिला कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष कीर्ति रेड्डी,छात्र ब्रिगेड कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष कटुकुरी विग्नेश कुमार,आंध्र प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष डी राजू,वेस्ट बंगाल प्रदेशाध्यक्ष जयंती भट्टाचार्य,उत्तर प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता जैनेश पंकज,मार्तंड शर्मा,प्रदेश संगठन महामंत्री विश्वनाथ द्विवेदी,युवा ब्रिगेड आईटी सेल कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय गुप्ता,बिहार कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप जीतू,आसाम प्रदेशाध्यक्ष नरेन गोगोई,गुजरात प्रदेशाध्यक्ष आलोक पटेल,महिला ब्रिगेड कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष गीताबेन वाघेला, युवा ब्रिगेड कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष दर्शन कुमार शाह,कर्नाटक प्रदेशाध्यक्ष डी मातंदूर, युवा ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष महेश सिद्राई शिगिहल्ली, महिला ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता धनलक्ष्मी,हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष प्रमोद ढांडा,कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष विजय कुमार,महिला ब्रिगेड कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष दर्शाना देवी,युवा ब्रिगेड कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष आकाशदीप शर्मा,पंजाब कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुबोध मित्तल, राकेश शर्मा,महिला ब्रिगेड कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उमा गोयल,बंदना नेहा देवी,कविता कौर,अंजू सूदन,ओडिशा प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता दीपेश नायक,नितेश कुमार,तमिलनाडु प्रदेशाध्यक्ष ए चंद्रन,युवा ब्रिगेड प्रदेशाध्यक्ष सिदरई, महिला ब्रिगेड कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता धनलक्ष्मी,केरला प्रदेशाध्यक्ष एम वी जोसेफ,झारखंड प्रदेशाध्यक्ष नारायण लिंडा,युवा कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष विनय भगत,महिला ब्रिगेड कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उर्मिला देवी,युवा ब्रिगेड एससी सेल कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अमरनाथ राम,युवा ब्रिगेड राष्ट्रीय महामंत्री राजेश मिश्रा,राष्ट्रीय प्रतिनिधि व्यंकटेश येवले,भास्कर येवले,डॉ.एस.के.साहू ,डॉ.सुनील जैन ,डॉ.राहुल पांडेय,दिनेश राय ,ए.खान,राष्ट्रीय प्रतिनिधि व पार्षद संतोष महानंद,प्रीति गोसेवाड़ा,एससी सेल राष्ट्रीय प्रतिनिधि कृष्ण मुंशीराम वाल्मिक,छत्तीसगढ प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता नितिन ठक्कर,कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष व ऐल्डरमैन संजय साहू,मनोज पटेल,विनय चोपड़ा,मानवाधिकार सेल प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता शिव बघेल, मानवाधिकार सेल कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर पटेल,भ्रष्टाचार निरोधक सेल प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता रूबी नाज़ खान,महिला ब्रिगेड कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मी चौहान,युवा ब्रिगेड प्रदेशाध्यक्ष मुकेश देवांगन,कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष खगेंद्र मल्होत्रा सहित हिन्द सेना के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने बधाई दी है।



## विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन सिरलगढ़ में रखा गया

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** (अ. चैकी) ब्लॉक के शास. प्राथमिक शाला सिरलगढ़ में दिनांक 11ध्03ध्2025 दिन -मंगलवार को कक्षा -5वी के बच्चों का विदाई एवं नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों में सरपंच श्रीमती हमेश्वरी मंडावी, उपसरपंच श्री संतराम कोरेटी सहित अन्य पंचगण को बुके, गुलाल एवं स्मृति चिन्ह भेटकरसम्मानित किया गया स सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप जलाकर एवं पूजा अर्चना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गयास तदउपरान्त कक्षा पांचवी के बच्चों ने पर्ची मे लिखे विधा अनुसार अपनी-अपनी प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम को शाला के प्रधान पाठक श्री योगेंद्र देवांगन, संकुल प्राचार्य श्री जितेंद्र साव, संकुल समन्वयक श्री लेख राम ठाकुर, उपसरपंच श्री संतराम कोरेटी, सरपंच श्रीमती हमेश्वरी मंडावी ने अपने- अपने विचार रखकर बच्चों को आशीर्वाद दिये स प्रधानपाठक ने विद्यार्थियों को अच्छे विद्यार्थी के पांच लक्षण बताये एवं अनुशासन मे रहकर शिक्षा ग्रहण करके आगे चलकर देश एवं समाज के लिए योगदान देने के की बात करके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक श्री नीलकंठ कोमरे ने किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री सालिक राम कोरेटी, उपाध्यक्ष पिताम्बर चन्द्रवंशी सहित शाला प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। सभी बच्चों ने शाला के लिए महापुरुषों का फोटो प्रधानपाठक को भेंट किये सइस अवसर पर न्योता भोज में खीर, पूड़ी, बड़ा, पापड़, जिमीकंद, मुनगा,आलू आशा मां बमलेश्वरी स्व सहायता समूह सिरलगढ़ के सौजन्य से रखा गया था।



## निधन

**एस. हनुमंत राव अन्ना**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** रेल्वे कॉलोनी इंदिरा नगर निवासी एस. हनुमंत राव अन्ना रिटायर रेल्वे ड्राइवर का आकस्मिक निधन 14 मार्च को हुआ था । उनका अंतिम संस्कार 15 मार्च को ऊपर मंदिर छीरपानी मुक्तिधाम में किया गया वे एस वेंकट (चिन्नी) स्वामी एव एस सत्यम स्वामी के पिता थे।



## निधन

**संजय जैन**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड सदर लाइन निवासी संजय जैन उम्र 50 वर्षीय पिता स्वर्गीय निर्मल चंद जैन का सुपुत्र का निधन आज 17 मार्च संध्याकालीन मे हो गया है संजय के एक पुत्र एक पुत्री तथा उनके दो भाई अजय जैन व विजय जैन है व एक बहन है उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 12 बजे 18 मार्च को अंतिम संस्कार डोंगरगांव मुक्तिधाम को किया जाएगा।



# होली में दिखा धर्म संस्कृति और राजनीति का अनूठा संगम

### गांव गांव की फाग प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मदन साहू



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** इस बरस की होली में जनपद पंचायत डोंगरगांव के तुमड़ीबोड़ क्षेत्र में धर्म संस्कृति और राजनीति का अनूठा संगम होली के अवसर पर देखने को मिला । इस अवसर पर विभिन्न गांवों में आयोजित फ़ाग प्रतियोगिता में जिला किसान कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष मदन साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। गांव वालों ने उनका तहेदिल से स्वागत किया। जिला किसान कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष मदन साहू और क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमती सरिता साहू खास मेहमान के बतौर उपस्थित हुए। इन आमंत्रित अतिथियों का आयोजको सहित गांव वालों ने आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया पौराणिक कथाओं पर आधारित जस एवं झांकी होली के माहौल को और आनंददायक बना दिया ।

नवनिर्वाचित जनपद सदस्य श्रीमती सरिता साहू के साथ ग्राम पंचायत आरगांव में दो दिवसीय फाग गायन वादन व झांकी प्रतिस्पर्धा के शुभारंभ करने का अवसर मिला। आयोजन समिति ने भगवान श्री राम जी की तैल चित्र के साथ सम्मानित किया। डोंगरगांव जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 तुमडीबोड के जनपद सदस्य श्रीमती सरिता मदन साहू ने ग्राम पंचायत कोपेडीह ग्राम पंचायत मचानपार ग्राम पंचायत आरगांव व खैरी में आयोजित होली मिलन के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। आयोजन समिति व ग्राम वासियों को इस कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत बधाई दी। जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम पंचायत तुमडीबोड में फाग प्रतियोगिता के समापन बेला में क्षेत्र के जनपद सदस्य श्रीमती सरिता साहू ग्राम पंचायत तुमडीबोड के सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू ग्राम पटेल अमरोतन साहू व गण मान्य नागरिक के साथ मंच साझा किया। आयोजन समिति के साथियों ने सम्मान किया उसके लिए हम दिल से आभार व्यक्त किया डोंगरगांव जनपद पंचायत के ग्राम पेटेश्री में दो दिवसीय फाग गायन प्रतियोगिता के समापन बेला में अतिथि बतौर सम्मिलित हुए। आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। अपने गृह गांव आलीखुटा में धूमधाम से मनाया फागुन महोत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सरपंच लीकेश गंधर्व आरगांव, सरपंच बीरसिंग कंवर कोपेडीह, तुलेश्वर साहू उपसरपंच, बिनाधर वर्मा, पुनीत वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, भुवनेश्वर वर्मा, खेमू वर्मा, विशेषर साहू, खेलू दास साहू, हेमराय कुंभकार, संतोष साहू, उर्वशन साहू सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए टीडीएस व टीसीएस पर जागरूकता सेमिनार का किया गया आयोजन




**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिले के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए आयकर विभाग एवं जिला कोषालय राजनादगांव के समन्वय से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में टीडीएस व टीसीएस पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, प्रशिक्षु वनमंडलाधिकारी, आयकर अधिकारी (टीडीएस) भिलाई सुश्री रजनी श्रीकुमार उपस्थित थे। आयकर अधिकारी (टीडीएस) भिलाई रजनी श्रीकुमार ने कहा कि आहरण संवितरण अधिकारियों एवं उनके कर्मचारियों को टीडीएस एवं टीसीएस कटौती समय पर कराना बहुत आवश्यक है। सेमिनार में रिटर्न फाईलिंग, ई-टीडीएस और टीसीएस कटौती के समय रखे जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी विस्तार से दी। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों एवं वित्त, लेखा से जुड़े स्टाफ को टीडीएस और टीसीएस से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। ई-टीडीएस और टीसीएस प्रति तिमाही रिटर्न फाईल करना चाहिए। ई-टीडीएस व टीसीएस रिटर्न की देय तिथियां, टीडीएस व टीसीएस से संबंधित कोई अन्य मुद्दे सहित अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

सेमिनार में बताया गया कि टीडीएस कटौती का चालान का मेल न खाना, त्रैमासिक ई-टीडीएम व टीसीएस रिटर्न की गलत फाइलिंग, त्रैमासिक रिटर्न देरी से दाखिला करने के कारण कटौतीकर्ताओं के खिलाफ बकाया मांग के लिए स्वत: नोटिस जारी हो जाता है। इन त्रुटियों के कारण केन्द्र व राज्य सरकार तथा आयकर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का समय बर्बाद होता है। शासकीय सेवक एवं शासकीय विभागों से भुगतान प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को समय पर रिफंड नहीं मिलने से मानसिक एवं आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिला कोषालय अधिकारी श्री दिलीप सिंह ने बताया कि जिला कोषालय के समन्वय से टीडीएस एवं टीसीएस के लिए जागरूकता प्रदान करने तथा अधिकारियों के जिज्ञासा के समाधान के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी, लेखा से संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# मार्च महीने में कब है शनि अमावस्या? नोट करें शुभ मुहूर्त एवं योग




ज्योतिषियों की मानें तो शनि अमावस्या के दिन साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने वाला है। ग्रहण के दौरान शुभ काम नहीं किया जाता है। इस दिन न्याय के देवता शनिदेव राशि परिवर्तन करेंगे। न्याय के देवता शनिदेव के राशि परिवर्तन से मकर राशि के जातकों को लाभ मिलेगा। वहीं मेष राशि के जातकों पर साढ़ेसाती शुरू होगी। सनातन धर्म में अमावस्या तिथि का खास महत्व है। इस शुभ अवसर पर गंगा स्नान किया जाता है। वहीं, गंगा स्नान कर देवों के देव महादेव और मां गंगा की पूजा की जाती है। साथ ही पितरों का तर्पण एवं पिंडदान किया जाता है। धार्मिक मत है कि अमावस्या तिथि पर देवों के देव महादेव की पूजा करने से साधक को जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है। वहीं, पूर्वजों का तर्पण एवं पिंडदान करने से साधक पर पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसके लिए अमावस्या तिथि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान-ध्यान करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि मार्च महीने में कब शनि अमावस्या है? आइए, शनि अमावस्या की सही डेट, शुभ मुहूर्त, महत्व एवं योग जानते हैं-

**शनि अमावस्या शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग अनुसार, चैत्र अमावस्या तिथि 28 मार्च को रात 07 बजकर 55 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन यानी 29 मार्च को शाम 04 बजकर 27 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि मान है। इसके लिए 29 मार्च को चैत्र अमावस्या मनाई जाएगी। शनिवार के दिन पड़ने के चलते यह शनि अमावस्या कहलाएगी। इसे शनिश्चरी अमावस्या भी कहते हैं। ग्रहण के बाद स्नान-ध्यान के बाद पूजा, जप-तप करें। वहीं, पूजा के बाद दान करें।

शनि अमावस्या शुभ योग

ज्योतिषियों की मानें तो शनिश्चरी अमावस्या के दिन ब्रह्म और इंद्र योग का शुभ संयोग बन रहा है। वहीं, दुर्लभ शिववास योग का भी संयोग है। इन योग में गंगा स्नान कर भगवान शिव और शनिदेव की पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही जाने-अनजाने में किए गए पाप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही जीवन में सुखों का आगमन होता है।



**पंचांग**

सूर्योदय - सुबह 06 बजकर 15 मिनट पर

सूर्यास्त - शाम 06 बजकर 37 मिनट पर

ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 04 बजकर 42 मिनट से 05 बजकर 28 मिनट तक

विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 30 मिनट से 03 बजकर 19 मिनट तक

गोधूलि मुहूर्त - शाम 06 बजकर 36 मिनट से शाम 06 बजकर 59 मिनट तक

निशिता मुहूर्त - रात्रि 12 बजकर 02 मिनट से 12 बजकर 49 मिनट तक

## कब से शुरू है चैती छठ, नोट करें नहाय खाय और संध्या अर्घ्य की सही डेट

ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर सौभाग्य योग का संयोग बन रहा है। इस योग में सूर्य देव और छठी मैया की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। साथ ही सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलेगी। चैती छठ के दो दिन बाद राम नवमी मनाई जाएगी। हर साल लोक आस्था का महापर्व छठ चैत्र और कार्तिक महीने में मनाया जाता है। चैत्र महीने की छठ पूजा को चैती छठ या यमुना छठ भी कहा जाता है। चैती छठ भी कार्तिक छठ पूजा की तरह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर सप्तमी तिथि तक मनाया जाता है। छठ पूजा की शुरुआत नहाय खाय से होती है। इसके अगले दिन खरना मनाया जाता है। वहीं, शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को संध्या अर्घ्य दिया जाता है। जबकि, सप्तमी तिथि को उगते सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व का समापन होता है। इस व्रत को बिहार, नेपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया जाता है। आइए, चैती छठ पूजा की सही डेट एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं-



**चैती छठ पूजा की सही डेट**- 1 अप्रैल को नहाय-खाय है। इस दिन व्रती स्नान-ध्यान कर सूर्य देव और कुल के देवता या देवी मां की पूजा करती हैं। इसके बाद भोजन ग्रहण करती हैं। इस शुभ अवसर पर चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी भोजन में खाया जाता है। 2 अप्रैल को खरना मनाया जाएगा। इस दिन महिलाएं दिन भर व्रत रखती हैं। वहीं, संध्याकाल में खरना पूजा करने के बाद प्रसाद ग्रहण करती हैं। 3 अप्रैल को संध्या अर्घ्य दिया जाएगा। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को डूबते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। 4 अप्रैल को सुबह का अर्घ्य दिया जाएगा। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को उगते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। इसके साथ ही छठ पूजा का समापन होगा। सूर्य देव की पूजा करने से आरोग्य जीवन का वरदान मिलता है। छठ पूजा व्रत करने से नवविवाहित दंपति को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। वैदिक पंचांग अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि की शुरुआत 02 अप्रैल को देर रात 11 बजकर 49 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, 03 अप्रैल को रात 09 बजकर 41 मिनट पर समाप्त होगी।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# सन सिटी परिवार में दो दिवसीय होली पर्व की धूम मची...





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महावीर सन सिटी परिवार में दो दिवसीय होली पर्व का शानदार आयोजन हुआ, जिसने बरसाने के होली की याद दिला दी, प्रथम दिवस सपत्नीक पधारे कलेक्टर महोदय श्री संजय अग्रवाल जी के हाथों होलिका दहन शुरू किया गया, सभी ने सपरिवार पधारकर गरम स्वल्पाहार के बीच होलिका पूजन की, इसके पश्चात रात्रि 9 बजे से होली की हुल्लड़ कॉमेडी नाइट्स का शानदार जानदार कार्यक्रम हुआ जिसने सभी दर्शकों को हंसाकर लोटपोट कर दिया इसके प्रभारी दीप्ति बिंदल रितिका तिवारी नीलम सोनी रुचि श्रीवास्तव ट्विंकल चोपड़ा अर्पिता जेठानी थे, जिन्होंने कम समय में बहुत ही अच्छा कार्यक्रम करवाया, 14 मार्च को सुबह 9 से 12 बजे तक गरमा गरम नाश्ते के साथ सतरंगी होली का आनंद डीजे की धुन के साथ कान्हा × ग्रुप द्वारा मस्ती की पाठशाला के साथ लिया, इसके बाद 1से 3 बजे तक स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था थी,शाम 5 बजे हाई टी भी रखी गई थी, इसके अलावा रात्रि 7 बजे से रचित कान्हा ग्रुप के द्वारा होली म्यूजिकल नाइट की शानदार प्रस्तुति दी गई, इस तरह से खुशनुमा वातावरण में होली का पर्व सम्पन्न हुआ, सभी सहयोगी परिवार ने दो दिन पूरा एन्जॉय किया, कार्यक्रम के संयोजक अतुल चोपड़ा, दिलीप गोलछा,अशोक अग्रवाल,विनय गोयल,राहुल कोठारी,कीर्ति भोजानी,लालू सांखला थे, जिन्होंने पूरी तैयारी की थी, पूरा आयोजन अध्यक्ष आनंद चोपड़ा, सचिव दिलीप गोलछा,कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी,कोषाध्यक्ष राजेश डागा के नेतृत्व में आयोजित हुआ जिसमें सभी पदाधिकारी सहित पूरी कार्यकारिणी का योगदान रहा, यह जानकारी पीआरओ मनीष साहिता योगेश कोटक द्वारा दी गई।

# अघोषित बिजली कटौती से फसलों को नुकसान

## किसानों ने की मुआवजे की मांग, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** अंचल में लगातार अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त किसानों ने प्रेस वाता कर राज्य शासन से फसलों का मुआयना कर फसल क्षति की मुआवजा की मांग की है।

स्थानीय रेस्ट हाउस में क्षेत्र के किसान नेता चन्दू साहू एवं क्षेत्र के किसान हिरामन पाल, कमलेश यादव, टीकम साहू, सतीश साहू, चैनदास, संतोष लहरे, दिनेश गायकवाड़, ने किसान साथियों के साथ प्रेस वार्ता कर बताया कि क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती एवं लो-वोल्टेज से धान एवं मक्का की फसल बर्बाद होने की कगार पर है । बिजली कटौती से क्षेत्र के किसान परेशान है, उनके फसल पर्याप्त सिंचाई के अभाव में नष्ट हो गये हैं । जिससे उन्हें आर्थिक क्षति के साथ मानसिक क्षति भी उठानी पड़ रही है । किसानों को हो रहे फसलों में नुकसान का मुख्य वजह बिजली कटौती है । जो शासन का मुख्य अंग है । अत: शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से फसलों के नुकसाकन का मुआयना कर शीघ्र किसानों को उचित मुआवजा दिया जावे । इसके अलावा उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 117 रूपये बढ़ाया गया है किन्तु यह राशि किसानों को प्रदाय नहीं किया जा रहा है जिसे तत्काल प्रदाय किया जाये । साथ ही धान विक्रय करने वाले प्रत्येक किसान को प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से 2457 रूपये का अविलंब भुगतान किया जाये । इन मांगों को लेकर किसान संघ छुरिया ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है ।

### खातूटोला बैराज से निस्तारी के लिए पानी छोड़ा जाये

प्रेस वार्ता में किसान संघ ने खातूटोला बैराज से नदी नालों में निस्तारी के लिए पानी छोड़ने की मांग की गई। ताकि भीषण गर्मी में तालाबों के सूख जाने की वजह से निस्तारी की तकलीफों से उन्हें निजात मिल सके । शीघ्र ही इन मांगों को पूरा नहीं किया गया तो किसान संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा ।

# कलेक्टर ने राजनीतिक दलों की ली बैठक

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु एक-एक बीएलए कर सकते हैं नियुक्त



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टारेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने सभी मतदान केन्द्रों के लिए एक-एक बीएलए नियुक्त करने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा, जिससे छूटे हुए मतदाताओं का नाम शत प्रतिशत मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु एक बीएलए प्रत्येक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल द्वारा नियुक्त किया जा सकता है। अब तक किसी भी दल द्वारा बीएलए नियुक्त नहीं किया गया है। प्रत्येक बीएलए की नियुक्ति हेतु पृथक-पृथक फार्म भरना अनिवार्य है। बीएलए नियुक्त नहीं होने की वजह से मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बीएलए के रहने से वाद-विवाद की स्थिति निर्मित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होने वाले व्यक्ति ऑनलाईन के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ सकते हैं। वोटर सर्विस पोर्टल व मतदाता हेल्पलाइन ऐप की सहायता से मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, मतदाता पंजीकरण, संशोधन एवं विलोपन के लिए ऑनलाईन फॉर्म भरने, ई-इपिक डाऊनलोड करने, डिजिटल फोटो मतदाता पर्ची डाउनलोड करने, शिकायत करने, मतदान केन्द्र का विवरण खोजने का कार्य आसानी से कर सकते हैं। साथ ही वोटर आईडी कार्ड के साथ आधार लिंक करने के लिए फार्म 6बी ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते है।

उप निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत प्रत्येक मतदान केन्द्र में 800 से 1200 मतदाता रखे जायेंगे तथा मतदाताओं को अपने घर से मतदान केन्द्र तक 2 किलोमीटर से अधिक दूरी तय नहीं करना पड़ेगा। जिले में 93 मतदान केन्द्र 1200 से अधिक मतदाता वाले है। जर्जर एवं पुराने भवन के स्थान पर उसी क्षेत्र में नये बने भवन को मतदान केन्द्र के रूप में प्रस्तावित किया जाएगा। एक स्थान पर यथासंभव तीन से अधिक मतदान केन्द्र स्थापित नहीं किया जाएगा। निजी भवन के स्थान पर उसी क्षेत्र के शासकीय भवन को मतदान केन्द्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। राजनांदगांव जिले अंतर्गत चार विभानसभा क्षेत्र आते है। जिनमें मतदान केन्द्रों की संख्या 1006 है। राजनांदगांव जिला अंतर्गत 840 मतदान केन्द्र, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 97 मतदान केन्द्र एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र है।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के दौरान चारों विधानसभा में कुल 17 हजार 613 नये नाम मतदाता सूची में जोड़े गये एवं कुल 8029 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित किया गया। मृत एवं स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित किये जाने के लिए राजनीतिक दलों से ऐसे व्यक्तियों की सूची प्राप्त कर कार्यवाही की जाएगी। सतत् अद्यतीकरण के तहत 40 प्रतिशत से दिव्यांगता वाले मतदाताओं की पहचान कर मतदाता सूची में फार्म 8 भरकर दिव्यांगता अंकित किया जाएगा, जिससे मतदान के दौरान उन्हें आवश्यक सुविधा प्रदान किया जा सके। 18-19 आयु वर्ग को मतदाता के रूप में पंजीकृत किये जाने हेतु स्कूल व कॉलेज के नये सत्र प्रारंभ होने पर विशेष अभियान चलाया जायेगा।

# ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् द्वारा होली मिलन का आयोजन

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** विप्र सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला ईकाई द्वारा आज



रियासत कालीन रानी मंदिर छुईखदान में होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया. आयोजन के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए जिला सचिव श्रीमती स्वाति त्रिपाठी ने बताया कि हर्षोल्लास से जुड़े इस आयोजन के आरंभ में सर्वप्रथम राधा-कृष्ण एवं श्री लक्ष्मी-नारायण सहित भगवान परशुराम का पंचोपचार पूजन किया गया तत्पश्चात स्थापित सभी देवी-देवताओं के साथ प्रतीकात्मक होली खेलकर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया. मातृशक्ति परिषद् खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की जिलाध्यक्ष श्रीमती डॉली तिवारी ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुये बताया है कि संगठन की जिला ईकाई द्वारा यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया है जिसमें छुईखदान की सभी संगठन सहयोगी बहनों ने कार्यक्रम में एक दूसरे को गुलाल लगाते हुये आपस में गले मिलकर हैं होली की बधाई दी. कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी संगठन सहयोगी बहनों ने भोग प्रसाद प्राप्त किया. इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रूपा उपाध्याय, जिला संयुक्त सचिव श्रीमती श्यामा तिवारी, जिला संगठन विस्तार प्रमुख श्रीमती शैल शर्मा एवं श्रीमती विमला शर्मा, श्रीमती सीमा मिश्रा, श्रीमती दीप्ति तिवारी, श्रीमती श्रद्धा तिवारी, श्रीमती खुशबु शर्मा, श्रीमती गायत्री तिवारी सहित छुईखदान निवासी अधिकांश स्वजन सहयोगी बहनें उपस्थित थीं.

# संतों की वाणी में भगवान का वास - विभा साहू



## कबीर मठ नादिया में होली मिलन कार्यक्रम

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम नादिया में साधना धाम कबीर कुटी कबीर मठ नादिया द्वारा ध्वजारोहण एवं होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें श्रीराम आदर्श मानस मंडली, आमीन माता महिला भजन मंडली द्वारा भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू थीं। अध्यक्षता पंथ श्री हुजूर मंगल साहेब जी आचार्य कबीर मठ नदिया ने की। विशिष्ठ अतिथि संत श्री सत्येन्द्र साहेब जी धर्माधिकारी कबीर मठ नादिया, संत श्री देवेन्द्र दास देवजी, संत श्री गिरवर साहेब, सेवक राम साहू ग्राम पटेल, गेंदा साहू जनपद सदस्य, दीपिका साहू पूर्व जनपद सदस्य, वंदिता ठाकुर सरपंच, निराला पटेल उपसरपंच एवं समस्त पंचगण नादिया अतिथि थे। इस अवसर पर सभा को संबोंधित करते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि संतों की वाणी में भगवान का वास होता है, इसलिए संतों के बीच रहकर सत्संग का आनंद लेने से जीवन में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री मंगल साहेब ने कहा कि जीवन के कुछ समय को अध्यात्म के लिए रखना चाहिए।



आज हम भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भाग रहे हैं, जिससे हम भक्ति से दूर होते जा रहे हैं। एक-दूसरे के प्रति स्नेह कम होते जा रहा है। इस अवसर पर रोहित निर्मलकर, कुंजलाल साहू, प्रभुदेवा साहू, तोमन साहू, तामेश्वर साहू, टिकेश्वर साहू, डिसेन साहू, अहिल्या साहू, मंजू साहू, गंगा बाई वैष्णव, टीकम वैष्णव, बेदनारायण वैष्णव, दीपक साहू सहित सैंकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## नाहदा शीतला मंदिर देवी भागवत

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** नाहदा शीतला मंदिर में देवी भागवत दिनांक- 29 मार्च से 6 अप्रैल 2025 तक (चैत्र नवरात्रि पर्व) पर राजनांदगाँव समीपस्थ- ग्राम नाहदा शीतला मंदिर में देवी भागवत प्रवचन महिला मंडल के तत्वाधान में रखा गया है । अंजल प्रख्यात धारा प्रवह कथावाचक पं. राजू शर्मा जी कोलियारा वाले होंगे ।

## प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के तहत रजिस्ट्रेशन 31 मार्च तक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार द्वारा 1 करोड़ युवाओं को 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना 2.0 प्रारंभ की गई है। जिसमें युवाओं को 12 महीने तक वास्तविक कारोबारी महौल तथा विविध व्यवसायों और रोजगार के अवसरों का अनुभव प्राप्त होगा। साथ ही 5 हजार रूपए प्रतिमाह इंटर्नशिप भत्ता एवं 6 हजार रूपए एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना 2.0 के तहत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। योजना के तहत आईटीआई, डिप्लोमा, डिग्री धारक, दसवीं, बारहवीं उत्तीर्ण आवेदक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते है। प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना 2.0 के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने एवं रजिस्ट्रेशन के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजनांदगांव से संपर्क कर सकते हैं।

# युवक पर प्राणघातक हमला, क्षेत्र में फैला दहशत का माहौल

### मामला : ग्राम पंचायत बरनाराकला का

डोंगरगढ़/ बरनाराकला (नांदगांव टाइम्स)। अज्ञात आरोपियों ने युवक पर किया प्राणघातक हमला. हमले से क्षेत्र के अंदर सनसनी सी फैल गई है. पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि 16 मार्च 2025 की देर शाम लगभग 8.00 बजे कुछ लोग घात लगाकर बैठे थे. प्रार्थी के घर से निकलने के बाद घात लगाकर बैठे आरोपियों के द्वारा परिजनों के अनुसार आँख पर पट्टी बांधकर एक के बाद एक गले व हाथ की कलाई के नस पर कई वार हमला किया गया. हमले के बाद आरोपियों ने प्रार्थी को मृत समझकर मौके से फरार हो गए. प्राणघातक हमले के बाद अर्धबेहोशी की हालत में पड़ा हुआ युवक जैसे तैसे मुर्छा हटने के बाद अपने घर के समीप पहुंचकर परिजनों को आवाज लगाई, आवाज को सुनकर परिजनों के द्वारा इस घटना की सूचना थाना परिक्षेत्र बोरतलाव को देने के बाद घायल प्रार्थी देवराज यादव पिता खोब्रागढ़े यादव निवासी राउरकसा ग्राम बरनाराकला को उपचार के लिए डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया व उपचार के पश्चात गंभीर स्थिति को देखते हुए राजनांदगांव जिला मेडिकल पेंड्री के लिए रिफर कर दिया गया व मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला मेडिकल अस्पताल के द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित मेकाहारा हास्पिटल शिफ्ट किया गया आपरेशन के पश्चात् प्रार्थी की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है. प्रार्थी के बयान के बाद पुरे मामले का खुलासा हो पायेगा. थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार पुरे मामले पर चर्चा करते कहा कि सभी बिंदुओं पर मामले की जाँच की जा रही है प्रार्थी के बयान के बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा. परिजनों के द्वारा जिस प्रकार के बयान दिए गए है उससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हमलावर की संख्या 04 से अधिक हो सकता है. पुलिस के द्वारा सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है. माना जा रहा है शीघ्र ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा परंतु इस प्राणघातक हमले का असली वजह का खुलासा पुलिस अभी नहीं कर पाई है और जांच के बाद चौंकाने वाले परिमाण आ सकते हैं.

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com